# संभाग पोस्ट

साप्ताहिक

RNI: MPHIN/2015/60688

जिलों से संभाग तक का सच

email:sambhagpost@gmail.com

वर्ष-9 । अंक-47 । प्रति मंगलवार, इंदौर, 21 अप्रैल 2026 से 27 अप्रैल 2026 । । मूल्य- 2 रु. । पृष्ठ- 8


# EOW का शिकंजा

# भ्रष्टाचार के बड़े खिलाड़ियों में हड़कंप

SPECIALREPORT

✍ नवीन गलकर

## अंजड़ में एफआईआर के बाद

## अब खरगोन की बारी..?




**खरगोन/इंदौर/अंजड़।** प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अब जमीन पर असर दिखाने लगी है। हाल ही में अंजड़ नगर परिषद में हुए करोड़ों के कथित घोटाले में ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज की गई एफआईआर ने पूरे संभाग के प्रशासनिक गलियारों में खलबली मचा दी है। अंजड़ की इस बड़ी कार्रवाई के बाद अब सबकी निगाहें नगर पालिका खरगोन पर टिकी हैं, जहाँ भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों में घिरीं अध्यक्ष छाया जोशी के खिलाफ जांच तेज हो गई है। संभावना है छाया जोशी के साथ नगर पालिका के अन्य कई लोगो के नाम भी सामने आ सकते हैं।

अंजड़ नगर परिषद में मुख्यमंत्री पेयजल योजना और अन्य निर्माण कार्यों में 10 करोड़ रुपए से अधिक के गबन का खुलासा हुआ है। ईओडब्ल्यू इंदौर की जांच के बाद मामले में नगर परिषद अंजड़ की तत्कालीन अध्यक्ष मंजुला राकेश पाटीदार एवं पुष्पा परमार, तत्कालीन सीएमओ सुरेंद्र सिंह परमार, अमरदास सैनानी एवं मायाराम सोलंकी, तत्कालीन इंजीनियर दिनेश पटेल तथा लेखापाल हुकुमचंद मालवीय के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इनके साथ टेंडर कंपनी के




प्रोपराइटर परेश सोरठिया और ठेकेदार मिनेष मकवाना को भी आरोपी बनाया गया है। इन पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी पैसे हड़पने और पद का दुरुपयोग करने के गंभीर आरोप हैं।

इंदौर संभाग की नगर परिषद अंजड़ (जिला बड़वानी) में वर्ष 2016 में पेयजल योजना के तहत घरेलू नल कनेक्शन के लिए शासन द्वारा 12.20 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे। योजना का टेंडर ई-टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से सोरठिया वेल्जी रत्ना एंड कंपनी को इसी राशि में प्रदान किया गया था। टेंडर की शर्तों के अनुसार 2700 घरों में जल वितरण सुनिश्चित करना था, वहीं कार्य 18 माह में पूर्ण किया जाना था। समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में बिल राशि का 10 प्रतिशत काटने का प्रावधान भी था। जांच में सामने आया कि योजना का कार्य अब तक अधूरा है और कंपनी द्वारा कोई पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बावजूद नगर परिषद के तत्कालीन पदाधिकारियों ने बिना कटौती किए कंपनी को 10.20 करोड़ रुपए का पूर्ण भुगतान कर दिया। कार्य के दौरान माप पुस्तिका एवं कैशबुक में कार्य का समुचित विवरण दर्ज नहीं किया गया, न ही संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार के हस्ताक्षर पाए गए। रिकॉर्ड में कथित रूप से गलत प्रविष्टियां भी दर्ज की गईं।




**'संभाग पोस्ट' ने खरगोन नगर पालिका में भ्रष्टाचार के खेल का खुलासा किया था। अंजड़ में हुई एफआईआर ने यह साफ कर दिया है कि जांच एजेंसियां किसी भी रसूखदार को छोड़ने के मूड में नहीं हैं। खरगोन की राजनीति में अब इस बात की चर्चा आम है कि क्या यहां भी अंजड़ की तरह बड़े नामों पर एफआईआर होगी?**

## सुविचार

'जिंदगी में कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है, और कुछ खोने के लिए बहुत कुछ पाना पड़ता है।'

## संपादकीय

# मानव हित सर्वोपरि

हमारे समाज के बुद्धिजीवी, अध्यात्मिक व सामाजिक चिंतक गाहे-बगाहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता से मानवीय मूल्यों के क्षरण पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। अब इस चिंता पर पोप लियो 14 की स्वीकारोक्ति ने मोहर लगायी है। उन्होंने आशंका जतायी है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से वैश्विक ध्रुवीकरण, संघर्ष, भय और हिंसा को बढ़ावा मिल सकता है। उनके इस बयान ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। ऐसे वक्त में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सुविधा, गति व नवाचार के लिये सराहा जा रहा है, पोप ने चेताया है कि नैतिकता के बिना प्रौद्योगिकी घातक साबित हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि मूल रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता बुरी नहीं है, लेकिन यह तटस्थ भी नहीं है। निस्संदेह, इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता कि संस्थान व सरकारें इसे कैसे डिजाइन करती हैं और कैसे इसका उपयोग करती हैं। हाल की कुछ घटनाओं ने इन चिंताओं की पुष्टि भी की है। विभिन्न देशों के लोकतांत्रिक चुनाव में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से निर्मित डीपफेक और क्लोन की गई आवाजों का प्रयोग झूठे विमर्शों को फैलाने, मतदाताओं को भ्रमित करने में किया गया। जिससे दुनिया में लोकतांत्रिक संस्थानों के प्रति जनता का भरोसा डिगा है। यह खतरनाक है कि साइबर ठगों ने क्लोनिंग उपकरणों के जरिये आवाज का उपयोग परिवार के सदस्यों व अधिकारियों के रूप में किया है। इसके जरिये साइबर अपराधियों ने पूरी दुनिया में लाखों लोगों की जीवन भर की पूंजी तक लूटी है। विडंबना है कि जिस कार्य को अब तक तकनीकी-कौशल व संसाधनों के जरिये किया जाता था, वह तकनीक से अब आसानी व बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग भ्रामक सूचनाओं के लिये ही नहीं किया जा रहा है। आशंका है कि उन्नत एआई के जरिये वित्तीय प्रणालियों और साइबर सुरक्षा को खतरा पैदा किया जा सकता है। चिंता है कि शक्तिशाली एआई तकनीक से वित्तीय व्यवस्था की कमजोर कड़ियों को निशाना बनाया जा सकता है। जिसे पकड़ना नियामक संस्थाओं के लिये मुश्किल होगा। ये स्वचालित हमले बैंकिंग नेटवर्क में धोखाधड़ी करने में सक्षम हो सकते हैं। जो हमारी डिजिटल दुनिया से भी आगे घातक प्रभाव डाल सकते हैं। जिससे देशों में वित्तीय संकट पैदा हो सकते हैं। भुगतान व्यवस्था में व्यवधान व विश्वास से छल तथा राजनीतिक दुष्प्रचार से समाज में अस्थिरता पैदा हो सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के पर्यावरणीय घातक प्रभाव भी कम नहीं हैं। एआई के विस्तार के लिये विशाल डेटा केंद्रों, कोबाल्ट व लिथियम जैसे खनिजों की खुदाई की जरूरत होती है। जिसके लिये भारी पर्यावरणीय व मानवीय लागत की जरूरत होती है। निस्संदेह, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में न तो इसे नकारा ही जा सकता है और न ही ये बुद्धिमत्ता का फैसला होगा, लेकिन इसका जिम्मेदारी से प्रयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। चिकित्सा, शिक्षा, आपदा प्रबंधन व उत्पादकता में यह रामबाण सिद्ध हो सकती है, लेकिन यह मजबूत कानून, कंपनियों के सिस्टम की पारदर्शिता व सुरक्षा से ही निरापद हो सकती है। नागरिकों की डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना होगा।

# एकाग्र फाउंडेशन ने आयोजित किया एक अनूठा कार्यक्रम 'एक दिन का सीएम'

## मुख्यमंत्री के तौर पर जनता को दिया प्लेटफार्म



**इंदौर । संभाग पोस्ट**

1 दिन का सीएम नामक एक अनूठा कार्यक्रम एकाग्र फाउंडेशन द्वारा इंदौर शहर के प्रीतम लाल दुआ सभागृह रीगल चौराहे पर आयोजित किया गया, जिसमें आम जनता में से किसी व्यक्ति को एक दिन का सीएम बनाकर उनके द्वारा बतौर मुख्यमंत्री क्या 5 निर्णय लिए जाएंगे , उसे आधार पर उपस्थित श्रोताओं से अंत में वोटिंग करवा कर मुख्यमंत्री के रूप में निर्वाचित करना, मुख्य उद्देश्य था। अपने आप में एकाग्र फाउंडेशन द्वारा यह एक अनूठा आयोजन किया गया था, जिनकी मंशा सत्ता तक आम जनता की आकांक्षाओं और योजनाओं को पहुंचना था।

इस आयोजन की श्रृंखला की पहली कड़ी में एडवोकेट एवं कानून एक्सपर्ट डॉ. पंकज वाधवानी को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने बतौर कम पांच परिवर्तन श्रोताओं के सामने रखें जो की निम्नलिखित है:-

1. भयमुक्त समाज सख्त कानून व्यवस्था और कानून का सख्त पालन

2. निशुल्क योजनाओं की जगह सशक्तकारी आत्मनिर्भर योजनाएं लागू करना।

3. मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए स्टार्टअप योजनाएं।

4. कौशल आधारित, चरित्र निर्माण एवं सिविक सेंस आधारित शिक्षा व्यवस्था।

5. मुख्यमंत्री जनता में सीधा संवाद -मुख्यमंत्री जनता के मध्य कृत्रिम दीवार को समाप्त करना।

इसके पूर्व विषय परिचय रखते हुए डॉ.वाधवानी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा कि राजा सूर्य के समान होना चाहिए जो ग्रीष्म ऋतु में वाष्पीकरण के माध्यम से पृथ्वी से जल ले लेते हैं किंतु उसे वर्षा ऋतु में बारिश के रूप में वापस लौट आते हैं। वर्तमान व्यवस्था पर कटाक्ष करते हुए डॉक्टर वाधवानी ने कहा कि

कहां तो तय था चिराग हर एक घर के लिए , कहां तो चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए

अंत में उपस्थित श्रोताओं में से अनेक लोगों ने डा वाधवानी से बतौर मुख्यमंत्री अनेक प्रश्न पूछे जिनमें से प्रमुख प्रश्न निम्नलिखित थे:-

एक श्रोता ने पूछा की निःशुल्क योजनाएं यदि आप बंद करेंगे तो आपको जनता वोट नहीं देगी क्योंकि यही योजनाएं अन्य राज्यों ने अनुसरण कर ली है।

जिस पर डॉ.वाधवानी ने कहा कि यह योजनाएं उल्टा व्यक्ति समाज को कामचोर ,निकम्मा और सदैव के लिए पथभ्रष्ट बनाने वाली है जहां तक अन्य राज्यों के द्वारा इन योजनाओं का अनुकरण का प्रश्न है तो आज के परिप्रेक्ष्य में यह शेर प्रासंगिक है- सियासत के बाजार में आज भी अजीब दस्तूर है, जिसे सच बोलना आता है वही सबसे दूर है।

एक श्रोता द्वारा आरक्षण के संबंध में प्रश्न पूछा गया कि क्या आरक्षण दिया जाना चाहिए जिस पर डॉक्टर पंकज वाधवानी ने कहा कि आरक्षण कमजोर वर्गों को आगे लाने के लिए एक संवैधानिक व्यवस्था लागू की गई थी जिसका उद्देश्य पिछड़े समाज को भी उचित स्थान देना था और समाज की अग्रिम पंक्ति में लाना था। उन्होंने वर्तमान में अनेक ऐसे पिछड़े वर्ग जो की क्रीमी लेयर में आ चुके हैं जो की पूरी तरीके से सक्षम और समर्थ हो चुकी है उनके लिए आरक्षण व्यवस्था समाप्त करने की बात कही। एक श्रोता का यह प्रश्न था कि मुख्यमंत्री द्वारा लागू की जाने वाली जनहितैषी योजनाएं क्यों समझ में परिवर्तन नहीं कर पाती इस पर डॉ.पंकज वाधवानी ने कहा की यहां तक आते-आते सूख जाती है कई नदियां ,मुझे मालूम है पानी कहां ठहर होगा। बिचौलियों, दलालों और मध्यस्थों के कमिश्नर के कारण यह सत्य है कि जनता तक एक रूपया चार आने में बदल जाता है। मुख्यमंत्री के तौर पर में डायरेक्ट सी एम कनेक्ट योजना प्रारंभ करूंगा, जिससे जनता का सीधा संवाद और सीधी परेशानी समझ में आए बिचौलियों की कृत्रिम दीवाल को समाप्त करूंगा।

अंत में डॉ पंकज वाधवानी ने कहा कि, सियासत कुछ इस कदर आवाम पर एहसान करती है ,आंखें छीन लेती है और चश्मे दान करती है। कार्यक्रम के अंत में सभागार में उपस्थित स्त्रोतों से वोटिंग कराई गई जिसमें से 117 में से 105 वोटों के साथ डॉ पंकज वाधवानी के विचारों से सहमत होकर मुख्यमंत्री के रूप में निर्वाचित किया गया।



## सभापति यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया

**इंदौर । नगर प्रतिनिधि**

यादव अहीर समाज के संरक्षक सभापति मुन्नालाल यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। यादव समाज द्वारा हर कार्यक्रम, सम्मेलन और गोष्ठी में वन्दे मातरम के गान से गतिविधियों को शुरू किया जाएगा। नगर निगम के सभापति मुन्नालाल यादव के समक्ष समाज बंधुओं ने संकल्प लिया और जल संवर्धन एवं पर्यावरण के लिए शपथ ली गई। इस अवसर पर सभापति श्री यादव का माधव नंदन सेवा समिति के नगर अध्यक्ष रामनाथ यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सदाशिव यादव, रामकेवल आदि ने अभिनंदन कर बधाई दी एवं उन्हें जीवन का हर पल खुशियों से भरपूर रहे, जीवन के प्रत्येक क्षण आप प्रगति के पथ पर अग्रसर रहें।

# आपदा प्रबंधन की मिसाल बना

## हर घर तक पहुंची सुरक्षा की जानकारी

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन) द्वारा 'प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान' के अंतर्गत राऊ सेक्टर, विकासखंड इंदौर में 'आपदा प्रतिरक्षण कार्यक्रम' (युवा एवं नागरिकों का उन्मुखीकरण) का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों एवं युवाओं को प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करना रहा। इस दौरान भूकंप, बाढ़, सुनामी, चक्रवात एवं प्रदूषित जल जैसी आपदाओं से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि आपदा के समय व्यक्ति स्वयं का एवं दूसरों का बचाव कर सके।




कार्यक्रम की सबसे खास पहल के रूप में पूरी बस्ती का नक्शा तैयार कर लोगों को जागरूक किया गया। इस नक्शे में सुरक्षित स्थान, निकासी मार्ग (एग्जिट), अस्पताल एवं आवश्यक संसाधनों को चिन्हित कर जानकारी साझा की गई, जिससे आपदा के समय सभी लोग एकजुट होकर प्रभावी तरीके से कार्य कर सकें।

कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक प्रवेश शर्मा ने परिषद की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। मेंटर शिव फूलपगारे ने PRA गतिविधि के माध्यम से लोगों को सहभागी बनाकर आपदा प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया तथा दीवार लेखन के माध्यम से जागरूकता का संदेश भी दिया।

राष्ट्रीय तैराक एवं समाजसेवी सुनील ठाकुर ने आपदा के समय जागरूकता, सतर्कता एवं टीम वर्क के महत्व पर अपने विचार रखते हुए बचाव के उपाय साझा किए। वहीं CMCLDP की छात्रा मुस्कान गिरनार ने नदियों के संरक्षण एवं जल प्रदूषण से बचाव के लिए उपयोगी सुझाव दिए।

कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार राऊ नगर विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष अर्चना पगारे एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर CMCLDP के विद्यार्थियों मुस्कान, स्वाती, नेहा, कविता, कशिश, राशिका, सारिका, नीतू एवं लोकेंद्र ,सुनील ठाकुर की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रही, जिन्होंने जागरूक रहते हुए आपदा के समय एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस आयोजन में सहयोगी संस्थान के रूप में आपदा प्रबंधन संस्थान (DMI), भोपाल का विशेष योगदान रहा।

# आसमान से कट रहा ट्रैफिक का चालान

## पुलिस ने ड्रोन सर्विलांस से १६०० लोगों को पकड़ा



■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा आधुनिक तकनीकों का उपयोग निरंतर बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से शहर के प्रमुख चौराहों एवं मुख्य मार्गों पर भारी यातायात के समय प्रभावी निगरानी की जा रही है। यह पहल पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के दिशा निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में क्रियान्वित की जा रही है।

**नियमों का उल्लंघन करने वालों पर त्वरित कार्रवाई हो रही**

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध ड्रोन से प्राप्त इनपुट के आधार पर मौके पर तैनात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसमें प्रमुख रूप से नो पार्किंग, संकेत उल्लंघन और गलत दिशा में वाहन चलाने वाले चालकों पर शिकंजा कसा गया है। ड्रोन सर्विलांस के दायरे को और अधिक विस्तारित करने के लिए यातायात के चारों जोनों में अलग-अलग टीमें कार्य कर रही हैं जो विशेष रूप से व्यस्त घंटों के दौरान सक्रिय रहती हैं।

**रिंग रोड और एबी रोड पर विशेष नजर**

पुलिस की निगरानी में व्यस्त समय के दौरान ड्रोन के माध्यम से रिंग रोड, एबी रोड और एम जी रोड में यातायात व्यवस्था पर सख्त नजर रखी जा रही है। ड्रोन में लगे पीए सिस्टम द्वारा सार्वजनिक घोषणाएं भी की गई हैं, जिससे आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके। इस तकनीक की सहायता से सड़कों पर अनुशासन बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

**वायरलेस और कंट्रोल रूम का समन्वय बनाया**

ड्रोन सर्विलांस टीम द्वारा जहां कहीं भी यातायात बाधित पाया जाता है वहां पर से तत्काल वायरलेस के माध्यम से कंट्रोल रूम को सूचना भेजी जा रही है। कंट्रोल रूम द्वारा नजदीकी ट्रैफिक पॉइंट को सूचित कर त्वरित रूप से यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आगामी समय में भी प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों को चिन्हित कर ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी।

**१६०० लोगों के ड्रोन से चालान कटे**

ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से शहर के प्रमुख चौराहों एवं मुख्य मार्गों पर पिक आवर्स के दौरान प्रभावी निगरानी की जा रही है। पिछले 13 दिनों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1600 वाहन चालकों के विरुद्ध ड्रोन से प्राप्त इनपुट के आधार पर मौके पर तैनात यातायात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई, जिसमें नो पार्किंग, संकेत उल्लंघन, रांग साइड आदि पर कार्यवाही की गई। ड्रोन सर्विलांस के दायरे को और अधिक विस्तारित करने के लिए यातायात के चारों जोनों में अलग-अलग ड्रोन टीमों द्वारा लगातार पिक ऑवर्स में कार्य किया जा रहा है।

# इंदौर में पुलिस पर लगा 22.50 तोला सोना लूटने का आरोप

## ASI समेत 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड



■ **इंदौर । नगर प्रतिनिधि**

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है, जहां एसआई संजय विश्नोई समेत पांच पुलिसकर्मियों पर 22.50 तोला सोना ले जाने और ऑनलाइन रिश्वत लेने के आरोप लगे हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी कुमार प्रतीक ने सभी संबंधित पुलिसकर्मियों को निलंबित कर लाइन अटैच कर दिया है.

**वारंट के नाम पर रात में दी दबिश**

जानकारी के अनुसार, हरिदर्शन अपार्टमेंट में रहने वाले गौरव जैन के खिलाफ ग्वालियर कोर्ट से चेक बाउंस के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था. इसी वारंट के आधार पर 1 अप्रैल की रात करीब 11:45 बजे एसआई संजय विश्नोई अपने साथ प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा और अन्य पुलिसकर्मियों को लेकर उनके घर पहुंचे. आरोप है कि दबिश देने से पहले फ्लैट के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया गया और बाद में नकली चाबी से ताला खोलकर घर में प्रवेश किया गया.

**तलाशी के दौरान जेवर गायब होने का आरोप**

गौरव जैन का आरोप है कि तलाशी के दौरान उनकी पत्नी विजेता जैन के सोने के आभूषण सहित अन्य कीमती सामान गायब कर दिए गए. पूरी घटना अपार्टमेंट के अन्य कैमरों में रिकॉर्ड हो गई. जमानत मिलने के बाद गौरव ने इसकी शिकायत डीसीपी से की, जिसके बाद एसीपी स्तर पर जांच कराई गई. शुरुआती जांच में पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई, जिसके बाद कार्रवाई की गई और विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है.

**65 लाख के लेनदेन से जुड़ा विवाद**

इस पूरे मामले के पीछे 65 लाख रुपए के लेनदेन का विवाद भी सामने आया है, जो गौरव जैन और तत्कालीन सीएसपी राकेश गुप्ता के बीच चल रहा था. इसी विवाद के चलते पहले भी फोन पर धमकी देने का मामला दर्ज कराया गया था. साथ ही ग्वालियर कोर्ट में चेक बाउंस का केस भी दायर हुआ था, जिसमें पेश न होने पर वारंट जारी किया गया.

**दरवाजा तोड़कर घुसने और बच्ची के घायल होने का आरोप**

गौरव का कहना है कि पुलिस ने वारंट का हवाला देकर घर में जबरन प्रवेश किया, दरवाजा तुड़वाया और इस दौरान उनकी दो साल की बेटी भी घायल हो गई. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घर से आभूषण, नकदी, मोबाइल और कुछ अहम दस्तावेज जब्त कर लिए गए.

**ऑनलाइन रिश्वत लेने का आरोप**

इसके अलावा, प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा पर ऑनलाइन रिश्वत लेने का आरोप भी लगाया गया है. गौरव के मुताबिक, वकील से संपर्क कराने के नाम पर 10 हजार रुपए उनके दोस्त के खाते में और 17 हजार रुपए राकेश शर्मा के बेटे के खाते में ट्रांसफर कराए गए. आरोप यह भी है कि गौरव को ग्वालियर ले जाकर थाने की बजाय गेस्ट हाउस में रखा गया, जहां उनके साथ मारपीट की गई और वीडियो कॉल के जरिए दबाव बनाया गया. फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और पुलिस विभाग इस प्रकरण को लेकर सतर्क नजर आ रहा है.



**इंदौर में सड़क निर्माण को लेकर कार्रवाई**

## आरई-2 प्रोजेक्ट के लिए हटाए गए बाधक निर्माण, 12 से ज्यादा मकान ढहाए

■ **इंदौर । नगर प्रतिनिधि**

इंदौर में नेमावर रोड से खजराना तक बन रही आरई-2 सड़क परियोजना के तहत सोमवार को बिचौली क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से 12 से अधिक निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। इन मकानों में वर्षों से परिवार रह रहे थे, जिन्हें पिछले साल ही हटने के नोटिस दिए जा चुके थे।

सोमवार सुबह करीब 10 बजे नगर निगम और प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और रहवासियों से घर खाली करने को कहा। कुछ लोगों ने विरोध किया, लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई जारी रही। करीब दो घंटे में सभी निर्माण जमींदोज कर दिए गए।

मास्टर प्लान के अनुसार सड़क की चौड़ाई 45 मीटर प्रस्तावित है, जबकि फिलहाल 24 मीटर (80 फीट) चौड़ी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्रवाई के बाद निर्माण कार्य के लिए रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। करीब साढ़े चार किलोमीटर लंबी यह सड़क नायता मुंडला स्थित नए आरटीओ को खजराना क्षेत्र से जोड़ेगी, जिससे बायपास पर यातायात का दबाव कम होगा और शहर के भीतर कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इस परियोजना के तहत पहले ही 184 परिवारों को विस्थापित कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराए जा चुके हैं। कुल मिलाकर करीब 300 परिवारों को फ्लैट आवंटित कर शिफ्ट किया गया है। हालांकि, विस्थापन को लेकर पहले काफी विरोध हुआ था और कुछ परिवारों ने कोर्ट से स्टे भी लिया था। अब स्टे खारिज होने के बाद शेष बाधक निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की गई।

# भाजपा की जन-आक्रोश महिला पदयात्रा



## भोपाल में सीएम यादव बोले विपक्ष ने नारी शक्ति के अधिकारों को कुचलने का काम किया



■ **भोपाल । संभाग पोस्ट**

लोकसभा में महिला आरक्षण के बिल के पारित ना होने के विरोध में राजधानी भोपाल में भारतीय जनता पार्टी ने 'जन-आक्रोश महिला पदयात्रा' का आयोजन किया। इस दौरान एमवीएम ग्राउंड से रोशनपुरा चौराहे तक पदयात्रा निकाली गई। इसमें महिलाओं के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए। इससे पहले रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने महिला आरक्षण जैसे गंभीर मुद्दे का मजाक उड़ाया है। उन्होंने प्रियंका गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेत्री को शर्म आनी चाहिए। प्रियंका बड़ी-बड़ी बातें करती थीं, कहती थीं मैं लड़की हूं, लड़ सकती हूं। अब उनकी ये बड़ी-बड़ी बातें कहां गईं, जब बहनों के अधिकार का उन्होंने गला घोंट दिया। कांग्रेस ने आजादी के समय शुरू की अपनी परंपरा को निभाया। प्रियंका-राहुल के पिता ने भी तीन तलाक के कानून को लेकर बहनों के अधिकार पर डाका डाला था। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों को कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बहनों की इच्छा कुचलने वालों को कब्र से निकालकर सजा दी जाएगी।

### कांग्रेस को अपने कर्मों की कीमत चुकानी होगी

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय करने वालों को देश कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने मंच से कहा कि बहनों की इच्छा का दमन करने वालों को सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने इस आक्रोश को देश के सामने मजबूती से रखें। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की परंपरा में नारी का सम्मान सर्वोपरि रहा है और इसे किसी भी हाल में कम नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने कर्मों की कीमत चुकानी होगी। इस पार्टी ने हमारी बहनों के अधिकार छीनने का काम किया है। नारी शक्ति वंदन विधेयक को जिस तरह से सदन में गिराया गया, उससे स्पष्ट है कि वे नहीं चाहते कि हमारी बहनों को उनका अधिकार मिले, लेकिन अब हमारी बहनें चुप नहीं बैठेंगी। हम लोकतांत्रिक तरीके से, सड़क से लेकर संसद तक अपनी बहनों के साथ मिलकर कांग्रेस का विरोध करेंगे।

### ऐतिहासिक संदर्भों से जोड़ा मुद्दा

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सामाजिक सुधारकों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में बहनों के हक के लिए भाइयों ने सदैव लड़ाइयां लड़ीं। राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा के खिलाफ लड़ाई शुरू की। ज्योतिबा फुले ने नारी समानता के लिए लड़ाई लड़ी। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने बहनों को अधिकार दिलाने के लिए लड़ाई शुरू की। महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के हक में आवाज उठाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, नारी सब भूल जाती है, कभी अपना अपमान नहीं भूलती। यह हमको याद रखना है।

### सरकार बहनों के साथ खड़ी

डॉ. यादव ने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के हर निर्णय के साथ खड़ी है। उन्होंने संकेत दिया कि इस मुद्दे पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर निंदा प्रस्ताव भी लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह आक्रोश केवल भोपाल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे देश में पहुंचेगा।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने भी साधा निशाना

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि महिला आरक्षण कोई राजनीतिक विषय नहीं, बल्कि महिलाओं का अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने इस पर सहयोग नहीं किया और महिलाओं की उम्मीदों को ठेस पहुंचाई। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद राजनीतिक दलों ने इस पर बात भी की। लेकिन, जब फैसला लागू करने का समय आया, तो विपक्ष ने रोड़ा अटका दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कुठाराघात किया। नारी शक्ति का योगदान भारत के इतिहास में दर्ज है।

### सीएम भी महिलाओं के साथ सड़क पर उतरें

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं गांव-गांव से पहुंचीं और हाथों में नारे लिखे पोस्टर लेकर पदयात्रा में शामिल हुईं। माहौल पूरी तरह आक्रोश और जोश से भरा रहा। मुख्यमंत्री स्वयं भी पदाधिकारियों और महिलाओं के साथ सड़क पर उतरे। इस दौरान मंच से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जहां गायिका अंबिका जैन अंबर ने गीतों के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

# अक्षय तृतीया पर हजारों शादियां और बंपर खरीदारी, भव्य शोभायात्राओं से रोशन हुआ शहर

■ **इंदौर । नगर प्रतिनिधि**

शहर में मंगल ही मंगल है। दो दिन अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त होने के कारण शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों युवाओं के घर बस रहे हैं। विवाह समारोह वाले घरों में सुबह से ही बैंड-बाजे बजने लगे हैं। दो दिनों के लिए शहर के मैरिज गार्डन, धर्मशालाएं और सामुदायिक भवन पूरी तरह बुक हैं। अक्षय तृतीया को चार प्रमुख अक्षय मुहूर्तों में स्थान प्राप्त है। इस दिन किए गए शुभ कार्य का कभी क्षय नहीं होता, ऐसी मान्यता है।

### किसानों ने अगली फसल के लिए किया भूमिपूजन

हिंदू धर्म शास्त्र और भारतीय काल गणना में अक्षय तृतीया को सबसे शुभ दिन माना गया है। आज और कल यह पर्व पूरे उल्लास और परंपरा के साथ मनाया जा रहा है। हजारों विवाह समारोह संपन्न हो रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अपनी अगली फसल के लिए पारंपरिक रूप से खेतों में भूमिपूजन कर रहे हैं। इस पर्व की महत्ता को देखते हुए पूरे अंचल में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### विभिन्न स्थानों पर सामूहिक विवाह के आयोजन

जिला राजपूत समाज द्वारा 73 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह आज कांकरिया बोड़िया हातोद में संपन्न हुआ। संस्था हर्ष द्वारा 25 जोड़ों का निःशुल्क सर्वसमाज सामूहिक विवाह बाणगंगा स्थित बाणेश्वर कुंड में, जबकि संस्था आनंद द्वारा सर्व समाज के 11 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह अरबिंदो हॉस्पिटल टोल नाका के पास मिष्टी पैलेस गार्डन में कराया गया। इसके अलावा विभिन्न संगठनों द्वारा भी वैवाहिक समारोह आयोजित किए जा रहे हैं।

### बाजारों में सुबह से ही रौनक

आज सुबह से ही बाजारों में रौनक रही। मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया पर की गई खरीदारी अक्षय मानी जाती है। सोना और चांदी, जो समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक हैं, इनकी बड़ी संख्या में खरीदारी की गई। इसके अलावा भगवान विष्णु को प्रिय जौ, माता लक्ष्मी को प्रिय पीली कौड़ी, मिट्टी के बर्तन, घड़े, सेंधा नमक, संपत्ति, नए वस्त्र और वाहन भी बड़ी संख्या में खरीदे गए।

### बड़ा गणपति यात्रा में मुख्यमंत्री भी शामिल, सत्तन गुरु भी मंच पर दिखे

अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर शहर में आस्था, अनुशासन और सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। एक ओर जहां परंपरागत शोभायात्रा बड़ा गणपति चौराहे से शाम 6 बजे प्रारंभ होकर राजवाड़ा तक पहुंची, वहीं दूसरी ओर बापट चौराहा स्थित भगवान परशुराम मंदिर से सायं 6:30 बजे भव्य सनातन शोभायात्रा निकली। बड़ा गणपति से निकली परंपरागत शोभायात्रा में मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए। मंच पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण सत्तन भी मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ नजर आए। गौरतलब है कि पिछले दिनों सत्तन गुरु भाजपा के एक कार्यक्रम में कुर्सी न मिलने के कारण नाराज हो गए थे।



### करीब ५० से अधिक स्वागत मंच सजे

सूरज जोशी, कन्नू मिश्रा, योगेश मिश्रा और विकास अवस्थी ने बताया कि करीब 2000 ब्राह्मण परिवारों के सहयोग से आयोजित बड़ा गणपति यात्रा में 50 से अधिक स्वागत मंच लगाए गए। भगवान परशुराम की अष्टधातु प्रतिमा रथ पर विराजित रही, जिसका मार्गभर पूजन किया गया। विद्याधाम के बटुक मंत्रोच्चार करते हुए रथ के आगे चले, वहीं दो बैंड, तीन भजन मंडलियां और पांच आकर्षक झांकियों ने यात्रा की शोभा बढ़ाई। लगभग 40 सदस्यीय युवा टीम ने व्यवस्थाएं संभाली, जबकि करीब 500 महिलाओं ने एकरूपता के लिए समान साड़ियों का संकल्प लिया।

### सनातन शोभायात्रा विशेष आकर्षण रही

सर्व ब्राह्मण युवा संगठन द्वारा निकाली गई सनातन शोभायात्रा को इस बार विशेष रूप से भव्य और आकर्षक बनाया गया। बापट चौराहा से शुरू होकर यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः वहीं पहुंची। विधायक रमेश मेंदोला, संयोजक योगेश मिश्रा, अध्यक्ष संदीप जोशी और यात्रा प्रभारी मनोज मिश्रा सहित कई पदाधिकारी आयोजन में सक्रिय रहे।

### परशुराम वाटिका में धार्मिक अनुष्ठान

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर परशुराम वाटिका, मरीमाता चौराहा पर लगातार 10वें वर्ष भी भगवान का पूजन, अभिषेक, पंचामृत अभिषेक और हवन हुआ। इस अवसर पर संजय शुक्ला, सागर शुक्ला, अनु बाजपेयी, पंडित अनूप शुक्ला, पंडित पप्पू शुक्ला, ओ.पी. मिश्रा, दीपक शुक्ला, प्रकाश शर्मा और पप्पू मनीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन मे 45 जोड़े का विवाह संपन्न






## वर वधु को जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

■ **बड़वाह । नगर प्रतिनिधि**

जनपद पंचायत बड़वाह के नेतृत्व मे जय भीम अनुसूचित जाती विवाह समिति बेड़िया के द्वारा 45 जोड़े का सामूहिक विवाह पुरानी मिर्ची मंडी मे सुबह 9 बजे से गायत्री परिवार के मन्त्रोंचार से परिणय बंधन मे बंधे वर-वधु का हिन्दू धर्म संस्कृति से विवाह संपन्न हुआ। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सचिन बिरला ने वर- वधु को आशीर्वाद दिए, मंगलमय जीवन की कामना करते हुए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा चलाई जा रही कन्या विवाह योजना को लाडली गरीब कन्याओ की हितेषी बताया उन्होंने सामूहिक विवाह संपन्न करवाने वाली जयभीम अजा विवाह समिति की सराहना की, सामाजिक संस्था सामाजिक विचार मंच के द्वारा समिति के संरक्षक डॉ. एन. एस. सोलंकी, अध्यक्ष मयाराम मोहे, उपाध्यक्ष चम्पालाल मोहे, बीआर सांवले कोषाध्यक्ष प्रेमलाल अंजना, सचिव आकाश खेड़े महासचिव पी.एन. कांदौड़े, दिनेश मंशारे, पीएल भालसे, प्रचार मंत्री राधेश्याम मकवाने, शंकर सांवले को शील्ड व जयभीम का नीला दुप्पटा डालकर विधायक सचिन बिरला ने सम्मानित किया।कार्यक्रम के प्रारम्भ मे विधायक सचिन बिरला, जनपद अध्यक्ष दिनेश साद, बेड़िया मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह पंवार, पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल, सरपंच चंद्रपालसीह सावनेर, गोविन्द बिरला, सुरेन्द्र पंवार, बाबूलाल चौधरी, मुकेश साद, सहित जनप्रतिनिधियों ने माँ गायत्री व डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की चित्र पर माल्यार्पण का शुरुवात की, कार्यक्रम मे वर वधु के साथ उनके परिजन व समाजजन बड़ी संख्या मे मौजूद थे।इस अवसर



पर आनंदराम आटोदे, मुकेश सिसोदिया, राम राठौड़, राजा सोलंकी संदीप सांवले सहित अन्य साथी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रजनीश कानूनगो, सचिव राजेंद्र मकवाने ने किया व आभार समिति संरक्षक डॉ.एन.एस.सोलंकी ने माना


# संभाग पोस्ट सामाजिक दृढ़ता संकल्प अभियान

## अब आपकी आवाज होगी बुलंद लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के संग

आज के समाज में हम देख रहे हैं की शहरी परिवेश की बात करें या ग्रामीण परिवेश की आज के परिवेश में व्यक्ति अकेला पड़ता जा रहा है। आधुनिक तकनीकियों का इस्तेमाल करते-करते अपने आप को अकेला महसूस करता है, जब उसके ऊपर ऐसी कोई विपत्ति आती है की जब उसके परिवारजन या मित्र बंधु उसका साथ दे। तब वह पता है कि वह अकेला खड़ा है। यह आज के समाज का सत्य है। यह भारत के ७० प्रतिशत लोगों की सच्चाई है वह किसी भी प्रकार की समस्या में हो चाहे पारिवारिक या मानसिक, सामाजिक, प्रशासनिक या चिकित्सकीय हो ऐसी किसी भी समस्या में वह पाता है कि वह अकेला है। और यदि ऐसे मे किसी मोड़ पर कुछ व्यवधान उत्पन्न हो तब वह नीरस हो जाता है, और किसी न किसी प्रकार की गलती कर बैठता है । समाज की ऐसी सबसे बड़ी समस्या को लेकर हमने सामाजिक दृढ़ता संकल्प का अभियान चलाया है जिसके तहत हम उन सभी ऐसे लोगों के साथ खड़े हुए हैं जो हमसे जुड़ेंगे तथा वे लोग जो हमसे किसी न किसी प्रकार से जुड़े हुए हैं, हमारा प्रयास यह होगा कि ऐसी किसी भी समस्या में हम उनके साथ खड़े हो जिस जगह पर वह सही है और उन्हें व्यवधान, समस्या का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में संभाग पोस्ट परिवार उनके साथ खड़ा है।

■ समाज में एक कहावत प्रचलित है सत्य परेशान हो सकता है। पराजित नहीं हो सकता,

■ ईश्वर की इसी प्रेरणा को हमारे मीडिया चैनल हमारे अखबार ने आत्मसात किया है और हम उन सभी समाज जनों के साथ खड़े हैं जिनके साथ सत्य है।

■ ईश्वर सत्य का साथ देने वाले उनके अनुयायियों की सहायता करने स्वयं नहीं आते किंतु किसी न किसी माध्यम से सत्य का साथ दे रहे व्यक्ति की सहायता जरूर करते हैं।

■ हम अपने आप को धन्य समझते हैं कि हमने यह मुहिम चलाई है जिसके तहत यदि आपके साथ सत्य है तो हम आपके साथ सदा खड़े हुए हैं

■ हमारे चैनल और हमारे अखबार से जुड़े हुए सभी सदस्य गण जिनकी किसी भी प्रकार की परेशानी अब उनकी नहीं वह हमारी है।

■ जब समाज दृढ़ होगा, सत्य की विजय होगी जब एकता और समान व्यवहार और ज्ञान होगा तब हमारा समाज एक नए भारत का दृढ़ निश्चय भारत का निर्माण कर पाएगा

■ यदि आपका काम, स्वयं आप और आपका विचार, सत्य के साथ है तो वह आपका नहीं अपितु वह हमारा विचार होगा , क्योंकि आप भारत के चौथे स्तंभ मीडिया के साथ है

■ अब आम आदमी की आवाज आम आदमी की नहीं अपितु उसके साथ हमारी भी आवाज होगी इसलिए आपसे निवेदन है कि हमारे साथ शीघ्र से शीघ्र जुड़े और अपनी आवाज को एक नया आयाम दें और अपने समाज को अपने परिवार को और अपने देश को सशक्त बनाएं

■ हमारे साथ जुड़ने के लिए आपको कोई नया प्रयास नहीं करना केवल सामाजिक दृढ़ता संकल्प संभाग पोस्ट अभियान का एक फॉर्म भरना है



## विचार न कीजिए तुरंत संपर्क करें: 9755648321

क्योंकि दृढ़ होगा समाज तो सशक्त होगा भारत और खुशहाल होगा हमारा परिवार

सत्यम, शिवम्, सुंदरम। सत्यमेव जयते

भारत माता की जय वंदे मातरम

# भगवान परशुराम और श्रीकृष्ण लोक से जानापाव को मिलेगी राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**■भव्य और दिव्य स्वरूप में विकसित होगी भगवान परशुराम की जन्म-स्थली ■१७.४१ करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य ■प्रदेश में श्रीकृष्ण पाथेय के स्थलों को भव्य तीर्थ के रूप में किया जायेगा विकसित ■जानापाव तीर्थ क्षेत्र में गंभीर और अजनार नदी को किया जायेगा पुनर्जीवित ■मुख्यमंत्री ने नारायण के छठवें अवतार भगवान परशुराम की जन्म-स्थली पर की पूजा-अर्चना**







**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सनातन परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और विकासोन्मुख दृष्टि का समन्वित संदेश देते हुए कहा कि भगवान परशुराम का जीवन आस्था, श्रद्धा और धर्म की स्थापना के लिए समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हर युग में अधर्म के विरुद्ध खड़े होकर परशुराम जी ने धर्म की पुनर्स्थापना की और शस्त्र तथा शास्त्र दोनों में पारंगत रहकर संतुलित शक्ति का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में 17.41 करोड़ की लागत से श्री परशुराम-श्रीकृष्ण लोक विकसित किया जायेगा, जो भगवान परशुराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने वाला एक प्रमुख आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन का केन्द्र बनेगा। इस लोक के माध्यम से जानापाव को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर इंदौर जिले के जानापाव में आयोजित 'परशुराम प्रकटोत्सव' को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भगवान परशुराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की और महाभारतकालीन अस्त्र-शस्त्रों और चक्रव्यूह की कला पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जानापाव क्षेत्र से 7 से अधिक नदियों का उद्गम हुआ है, जिनमें प्रमुख रूप से चंबल, गंभीर, अजनार, चोरल शामिल हैं। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंभीर और अजनार नदी को पुनर्जीवित करने की कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नदियां धरती माता की धमनियों के समान है। उनका संरक्षण, पुनर्जीवन और सतत प्रवाह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। नदियों के जीवित होने से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित नदी जोड़ो अभियान की सराहना करते हुए कहा कि केन-बेतवा परियोजना से बुंदेलखण्ड क्षेत्र और पार्वती-कालीसिंध परियोजना से मालवा एवं राजस्थान क्षेत्र को पेयजल, सिंचाई उद्योग और बिजली उत्पादन में व्यापक लाभ मिलेगा, जो क्षेत्रीय विकास को नई गति देगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम के विवाह में परशुराम जी के धनुष की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जो उस काल की परंपरा और सामर्थ्य का प्रतीक है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि परशुराम जी के आशीर्वाद से ही उन्होंने असंभव प्रतीत होने वाले कार्यों को संभव किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परशुराम जी को महान गुरु बताते हुए कहा कि उन्होंने भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महायोद्धाओं को शिक्षित कर उन्हें दिव्यास्त्रों का ज्ञान प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जानापाव में प्रस्तावित लोक में पौराणिक महत्व को दर्शाने वाला एक भव्य संग्रहालय बनाया जाएगा, जिसमें शस्त्र दीर्घा, उत्पत्ति दीर्घा, स्वरूप दीर्घा, संतुलन दीर्घा और ध्यान दीर्घा के माध्यम से भगवान परशुराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विविध आयामों को प्रस्तुत किया जाएगा। परिसर में दोनों भगवानों की कांस्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, 30 फीट ऊंचा भव्य प्रवेश द्वार निर्मित होगा, कथा मंच का निर्माण किया जाएगा तथा गज़ेबो, व्यू पॉइंट, लैंडस्केपिंग और पाथ-वे सहित अन्य आधारभूत विकास कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के लीला-स्थलों को 'श्रीकृष्ण पाथेय' के रूप में विकसित कर उन्हें तीर्थ स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई हैं, उन सभी स्थानों को आस्था और पर्यटन के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित 'नदी जोड़ो अभियान' की सराहना करते हुए कहा कि केन-बेतवा परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना से मालवा एवं राजस्थान क्षेत्र को पेयजल, सिंचाई, उद्योग और बिजली उत्पादन में व्यापक लाभ मिलेगा, जो क्षेत्रीय विकास को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सड़क, पुल, बांध, नहर, अस्पताल और स्कूल जैसी आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में 'सांदीपनि विद्यालय' के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर त्यौहार और परंपरा को समाज के साथ मिलकर उत्सव के रूप में मनाना और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि उन्हें उनका हक दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सनातन संस्कृति में माता के सम्मान और देवताओं के साथ उनके नाम के महत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भक्ति गायन और 'परशुराम नाट्य लीला' के माध्यम से भगवान परशुराम के जीवन और उनके विराट व्यक्तित्व को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे आस्था और सांस्कृतिक उत्सव का विशेष वातावरण निर्मित हुआ। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक एवं पूर्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, जन-प्रतिनिधि, संत, सामाजिक संगठनों एवं ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।















# पत्नी के प्रेमी ने पति को भेजे फोटो-वीडियो, एक पल में उजड़ गया हंसता खेलता परिवार





■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र के बापू गांधी नगर में एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगा ली। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब मासूम बेटी ने अपने पिता को फंदे पर लटका हुआ देखा। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक की शिनाख्त कृष्णा भालेराव (36) पिता बलिराम भालेराव के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही लसूड़िया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मर्ग कायम कर पूरे मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

### पारिवारिक विवाद से मानसिक तनाव में था पति

परिजनों द्वारा दिए गए बयानों के आधार पर यह बात सामने आई है कि मृतक अपनी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंधों को लेकर काफी समय से मानसिक तनाव में था। परिजनों के अनुसार कृष्णा की पत्नी रीना की मित्रता खरगोन निवासी रविंद्र मानकर से थी, जिसे लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर कहासुनी और विवाद की स्थिति बनी रहती थी।

### पति को फोटो वीडियो भेजता था पत्नी का प्रेमी

विवाद का मुख्य कारण रविंद्र द्वारा कृष्णा के मोबाइल पर भेजे जाने वाले फोटो और मैसेज बताए जा रहे हैं। इसके कारण घर का वातावरण लगातार अशांत रहता था। परिजनों ने यह भी बताया कि बीते 16 अप्रैल को भी इसी विषय पर घर में काफी विवाद हुआ था, जिसके बाद पत्नी ने मोबाइल से संबंधित फोटो और मैसेज डिलीट कर दिए थे।

### पति के साथ हुई थी मारपीट

मृतक के परिवार ने आरोप लगाया है कि कुछ समय पहले खरगोन में इस विवाद के चलते कृष्णा के साथ मारपीट भी की गई थी। इतना ही नहीं, उस दौरान कृष्णा के विरुद्ध कानूनी मामला भी दर्ज कराया गया था। इन तमाम परिस्थितियों के कारण कृष्णा पिछले कुछ समय से काफी परेशान चल रहा था।

### पंद्रह वर्ष पहले हुआ था विवाह

कृष्णा और रीना का विवाह लगभग 15 साल पहले हुआ था। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। कृष्णा पेशे से पेंटिंग का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और पुलिस अधिकारी मामले के सभी तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की छानबीन कर रहे हैं।



# टांडा घाट में यात्री बस खाई में पलटी, कई घायल

■ **धार । संभाग पोस्ट**

धार रिंगनोद पुलिस मौके पर ,राजगढ़ से मनावर जा रही एक यात्री बस टांडा घाट में अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में कई यात्री घायल हो गए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही रिंगनोद पुलिस चौकी का बल मौके पर पहुंच गया और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भगवती ट्रैवेल्स की बस राजगढ़ से टांडा मार्ग होते हुए मनावर की ओर जा रही थी। टांडा घाट के प्रारंभिक मोड़ पर बस चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे बस खाई में पलट गई। बस में कई यात्री सवार थे, जिनमें से कई को चोटें आई हैं। घटना के बाद राहगीरों और पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला और तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पतालों में भेजा जा रहा है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

# इंदौर की मेट्रो ट्रेन में सफर का सपना सरकारी औपचारिकताओं और 'अतिथि' के इंतजार में फंसा

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर की जनता का अपनी मेट्रो ट्रेन में सफर करने का सपना अब सरकारी औपचारिकताओं और 'अतिथि' के इंतजार में उलझकर रह गया है। गांधीनगर से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो ट्रेन चलाने की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी से क्लियरेंस मिलने के 23 दिन बीत जाने के बाद भी ट्रेन का पहिया आम जनता के लिए नहीं घूम सका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार निर्माण कार्य और सुरक्षा जांच की प्रक्रिया तो समय पर पूरी कर ली गई थी, लेकिन उद्घाटन की तारीख तय न होने से



शहरवासियों की उत्सुकता अब निराशा में बदल रही है।

### मार्च में ही अनुमति ले ली थी

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने बीते 26 मार्च को ही सुरक्षा आयुक्त से संचालन की अनुमति प्राप्त कर ली थी। स्थानीय नागरिकों को उम्मीद थी कि पहले रामनवमी और फिर हनुमान जयंती के पावन अवसर पर इंदौर को मेट्रो की सौगात मिल जाएगी, लेकिन यह दोनों ही बड़े अवसर बीत गए और स्टेशनों पर सन्नाटा पसरा रहा। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, मेट्रो के संचालन की अंतिम मुहर अब मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) और प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के स्तर से लगनी है। राज्य शासन की ओर से पीएमओ को मेट्रो संचालन का प्रस्ताव भेजा गया है, जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअली हरी झंडी दिखाने या फिर किसी केंद्रीय मंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर भेजने की अनुमति मांगी गई है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि इंदौर में मेट्रो का संचालन पांच राज्यों में चल रहे चुनाव के परिणाम आने के बाद ही हो पाएगा। चुनाव परिणाम के बाद ही इंदौर मेट्रो की तारीख की घोषणा की जाएगी।

### 4 मई के बाद ही शुरू होने की उम्मीद

सांसद शंकर लालवानी ने इस मामले में कहा कि मेट्रो का संचालन कब शुरू होगा, यह शासन को तय करना है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा इसके शुभारंभ की योजना बनाई जा रही है। लालवानी ने कहा कि वे केंद्र और राज्य स्तर पर बातचीत कर जल्द से जल्द ट्रेन शुरू कराने का प्रयास करेंगे। सूत्रों की मानें तो इंदौर मेट्रो की तारिखों की घोषणा 4 मई के बाद की जाएगी।

**इंदौर मेट्रो फेज-2 के स्टेशन-** सुपर कॉरिडोर स्टेशन 2, 1, भोरासला चौराहा, एमआर 10 रोड, आईएसबीटी, चंद्रगुप्त चौराहा, हीरा नगर, बापट चौराहा, मेघदूत गार्डन, विजय नगर चौराहा और मालवीय नगर चौराहा (रेडिसन होटल)।

शुद्ध मावे की मिठाइयों के निर्माता एवं विक्रेता
श्री चारभुजा स्वीट्स एवं नमकीन
गुलाब जामुन, मावाबाटी, काला जामुन, रसगुल्ला इत्यादि
662/9, नेहरु नगर, अटल द्वार, इन्दौर
शाखा : 60, न्यू देवास रोड, राजकुमार ब्रिज, इंदौर

डॉ. हिमांशु केलकर
एम.डी., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
मो. 9202238451
क्लिनिकः 20 जी/एच., गीतांजलि अपार्टमेन्ट, मार्केट रोड, विजय नगर
स्कीम नं. 54, इंदौर (म.प्र.) Email : himanshukelkar@rediffmail.com
समय : प्रातः 10.30 से 1.30 बजे, सायं 5.30 से 8.30 बजे तक
निवास : 7-बी, शालीमार टाउनशिप, ए.बी. रोड, इंदौर

चेतन टेलर्स
(सूट स्पेशलिस्ट)
सुनिल खटके
मो. 9893118079
30/1.परदेशीपुरा, शिवधाम के सामने, इंदौर

RAVI S. SAHU
Managing Director
+91-98260-77714
स्वाद का जादू-जागे घर घर...
रवि®
मसाले बस चुटकी भर...
मसाले एवं पापड़
RAVI HOME INDUSTRIES
12, Nirmal Nagar, Piplyahana, Indore - 452 001, Ph. : 0731-2490449
Web : www.ravihomeind.com | E-mail : ravisahurhi@gmail.com

॥ श्री गणेश ॥ ॥ जय माँ भगवती ॥
सेवक राम केवट (छोटू उस्ताद)
मो. 9826012658, 9131711406
माँ नर्मदा केटरर्स
107, नार्थ मुसाखेड़ी, अजयबाग कॉलोनी, इन्दौर
शादी, पार्टी, पिकनिक, जन्मदिन पर कच्ची एवं पक्की रसोई की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु सम्पर्क करें।

अनुप यादव 9617246247
अमन यादव 7773007307 8770131488
सावित्री हार्डवेयर
सेनेटरी एण्ड पेन्ट्स
ASTRAL PIPES
92 हीरा नगर MR-10 मेन रोड, इन्दौर (म.प्र.)

त्रिगुण दास बौरासी
कुलदीप बौरासी
मो. 9405852932
लक्ष्मी आप्टीशियन
सभी प्रकार के नजर व धूप के चश्मे बनाए जाते हैं
फोन : 0731-2545493
352/2, पाटनीपुरा (भेरु मंदिर के पीछे) प्रिंस टेलर के बीच वाली गली में, इंदौर

### गाली बकने से रोकने पर कर दी थी बेटे के सामने पिता की हत्या

# शव रखकर चक्काजाम दो आरोपी गिरफ्तार




**■ इंदौर। संभाग पोस्ट**

इंदौर के खातीपुरा क्षेत्र में एक आठ साल के बेटे के सामने पिता की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पांच आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। बदमाशों ने सिर्फ इसलिए सुरेंद्र साहू की हत्या कर दी, क्योंकि वे गालियां बकते हुए जा रहे थे और युवक ने गाली बकने से उन्हें रोका था। इसके बाद आरोपियों ने चाकू मारकर इतनी सी बात पर हत्या कर दी।

सोमवार को सुरेंद्र साहू की जब घर से शवयात्रा निकली तो बस्तीवालों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। लोगों का कहना था कि बस्ती में अवैध नशा बड़े पैमाने पर बिकता है। नाबालिग बच्चे भी उसका शिकार हो रहे हैं। सुरेंद्र की हत्या भी आरोपियों ने नशे में ही की है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष आरोपी भी जल्दी ही गिरफ्तार हो जाएंगे। रहवासियों ने पुलिस अफसरों से कहा कि पुलिस सड़कों पर वाहन रोककर चेकिंग करती है, लेकिन बस्तियों में आकर नशा करने वालों को पकड़ना चाहिए। आए दिन नशेड़ी बस्ती में उत्पात मचाते रहते हैं।

आपको बता दें कि रविवार शाम को किराना व्यापारी सुरेंद्र साहू अपने बेटे के साथ अपने साढू की शादी की सालगिरह में गया था। बेटा बाइक पर बैठा था। तभी आरोपियों का सुरेंद्र से विवाद हो गया। आरोपी चाकू लेकर सुरेंद्र के पीछे भागे। सुरेंद्र जान बचाकर भागने लगा तो आरोपियों ने दौड़ा-दौड़ा कर उस पर चाकुओं से वार किए। लोग सुरेंद्र को अस्पताल ले गए, लेकिन ज्यादा खून बहने के कारण सुरेंद्र की मौत हो चुकी थी।



सुरेंद्र साहू, मृतक

# शादी की शॉपिंग बनी आखिरी सफर, बेकाबू वाहन ने उजाड़ दी एक और गृहस्थी

**■ इंदौर। संभाग पोस्ट**



इंदौर के रेडीमेड कॉम्प्लेक्स में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। इस दुर्घटना में एक महिला ने अपनी जान गंवा दी जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुखलिया निवासी रेखा जैन और उनके पति राजेश जैन रविवार की रात अपनी एक्टिवा गाड़ी से घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

### राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल

टक्कर इतनी भीषण थी कि पति और पत्नी दोनों सड़क पर गिरकर अचेत हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत सक्रियता दिखाई और राजेश जैन को संभालते हुए दोनों को पास के अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एमवाय अस्पताल भेज दिया गया। वहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने रेखा जैन को मृत घोषित कर दिया जबकि राजेश जैन का उपचार जारी है।

### शादी की खरीदारी कर लौट रहा था परिवार

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दंपति बाजार से खरीदारी करने के बाद वापस अपने घर जा रहे थे। परिवार के किसी करीबी के यहां आगामी 27 अप्रैल को विवाह समारोह प्रस्तावित था जिसके लिए वे कपड़े खरीदने गए थे। मृतक रेखा जैन के परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

हीरानगर पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन द्वारा टक्कर मारकर भागने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इसके लिए घटनास्थल के आसपास लगे विभिन्न सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपी का सुराग मिल सके।

# रीजनल पार्क और मेघदूत गार्डन को संवारने के लिए निगम ने कसी कमर

# पर्यटकों को मिलेंगी कई सुविधाएं

**■ इंदौर। संभाग पोस्ट**

**इंदौर नगर निगम ने रीजनल पार्क के कायाकल्प की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। कुछ समय पहले इस पार्क को ठेके पर देने की प्रक्रिया को लेकर काफी विवाद हुआ था जिसके बाद अब निगम प्रशासन ने स्वयं के स्तर पर यहां सुधार कार्य प्रारंभ किए हैं। इस परियोजना के पहले चरण में पार्क परिसर के टूटे हुए इंटरलॉकिंग ब्लॉक्स को बदलने, क्षतिग्रस्त जालियों को सुधारने और अन्य जरूरी मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं।**




### पार्क के बदहाल स्वरूप को सुधारने की योजना

इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा करोड़ों की लागत से तैयार किया गया यह क्षेत्रीय पार्क लंबे समय से उचित रखरखाव के अभाव में अपनी चमक खो रहा था। हालांकि यहां पर्यटकों से प्रवेश शुल्क लिया जाता है लेकिन सुविधाओं की कमी और अव्यवस्थाओं के कारण आगंतुकों को परेशानी हो रही थी। हाल ही में निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने क्षेत्र का दौरा कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे कि पार्क की स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए तत्काल कार्य शुरू किए जाएं।

### सुधार कार्य और सौंदर्यीकरण का खाका बनाया

जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि अधिकारियों के साथ निरीक्षण के बाद पार्क में सफाई अभियान और बुनियादी मरम्मत का काम तेज कर दिया गया है। पहले चरण में इंटरलॉकिंग टाइल्स और जालियों के काम के साथ बंद पड़े फव्वारों को पुनर्जीवित किया जा रहा है। इसके बाद दूसरे चरण में पूरे परिसर का रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। पूरे उद्यान में आकर्षक पौधे लगाए जाएंगे ताकि यह फिर से अपने पुराने स्वरूप में लौट सके।

### भविष्य में निजी हाथों में सौंपने की तैयारी

निगम की योजना है कि एक बार पार्क पूरी तरह सज-धज कर तैयार हो जाए तो इसके रखरखाव की जिम्मेदारी निजी ठेकेदार को सौंपी जाए। इसके लिए निगम द्वारा कड़ी शर्तें और नियम तैयार किए जा रहे हैं ताकि भविष्य में रखरखाव को लेकर कोई लापरवाही न हो और विवादों से बचा जा सके।

### मेघदूत उपवन में भी सुधार की पहल

रीजनल पार्क के साथ-साथ मेघदूत उपवन में भी व्यवस्थाएं सुधारी जा रही हैं। स्थानीय नागरिकों की शिकायतों के बाद यहां बंद पड़े फव्वारों को फिर से चालू कर दिया गया है। यहां एसटीपी से ट्रीटेड पानी की लाइन बिछाई गई है लेकिन पानी की प्रकृति के कारण फव्वारे अक्सर खराब हो जाते थे। अब निगम ऐसी तकनीकी व्यवस्था कर रहा है जिससे फव्वारे निरंतर चलते रहें और नागरिकों को असुविधा न हो।

कार्यालय पता: 201, दूसरी मंजिल, इंदौर प्रेस क्लब परिसर, एम.जी. रोड, (जिला न्यायालय के सामने), इंदौर (म.प्र.),

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक नवीन गलकर द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस काम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-119, वीणा नगर, सुखलिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादकः नवीन गलकर, मो. 9009919948